# IKMG पत्रिका

## शुभ कार्तिक पूर्णिमा

IKMG LTD
Connecting people who care..

November, 2022 issue

17th edition

# Core Members



## Raj Khanna

Founder Chairman - IKMG

*+44 7973386826*

# Patrons



Kamla Seth

Patron

+91 9899109444



Rakesh Tandon

Patron

+91 9839211697



Shashi Mehrotra

Patron

+91 9935680727

# Advisory Council



## Akhil Tandon

Member - Advisory Council

+91 8853000168



## Suman Kapoor

Member - Advisory Council

+64 211801234

# Directors



## Amit Tandon

Director

+91 9410295153



## Kunu Kapoor

Director & President – Kannauj

+91 9450046636



## Mukul Varma

Director

+91  9935246412



## Paras Tandon

Director

+91 9616940402



## Sharad Mehrotra

Director

+91 9958363661



## Dr. Shonu Mehrotra

Director

+91 9319124445



## Varun Mehrotra

Director

+91 8840760368

# Presidents - India Chapters



## Dr. Anurag Mehrotra

President - Men's Wing - Kanpur

+91 9455511405



## Archana Mehrotra

President - Lucknow

+91 9554110066



## Chhavi Mehrotra

President - Agra

+91 9897586030



## Dr. Kamal Dhawan

President - Women's Wing - Kanpur

+91 9415042354



## Jai Shree Khanna

President - Moradabad

+91 9837035052



## Kiran Batra

President - Jhansi

+91 7355295225



## Mala Mehrotra

President - Vrindavan & Mathura

+91 9690272453



## Mamta Sethi Bhamri

President - Meerut

+91 8650903939



## Mita Kakkar

President - Jaipur

+91 9602606226



## Neha Kapoor Mehrotra

President - Pilibhit

+91 9457534973



## Pankaj Mehrotra

President - Noida & Ghaziabad

+91 9899248247



## Prachi Kapoor

President - Mumbai

+91 9769215340



## Rachna Tandon

President - Women's wing - Lucknow

+91 9415019527



## Rajesh Khanna

President - Ajmer

+91 9214984495



## Rajni Kapoor

President - Gurgaon & Faridabad

+91 9821894622



## Rajni Seth

President - Shahjahanpur

+91 9415244800



## Rakhi Chopra

President - Lakhimpur

+91 9451238077



## Ranjan Jalote

President - Varanasi

+91 7007450271



## Ravi Mehrotra

President - Bareilly

+91 9412865727



## Renu Mehrotra

President - Biswan

+91 9454617178



## Rohit Mehrotra

President - Prayagraj

+91 9415215082



## Santosh Kapoor

President - Aurangabad

+91 9370651803



## Shreyas Seth

President - Kolkata

+91 9903744433



## Shobhna Mehrotra

President - Sitapur

+91 9450795271



## Shubham Kapoor

President - Ramnagar & Kashipur

+91 7906730514



## Sourabh Tandon

President - Delhi

+91  7503015186



## Vimal Mehra

President – Jodhpur

+91 9772200200

# Presidents - International Chapters



## Anamika Khanna

President - Hongkong

+852 93252274



## Anirudh Khanna

President - Germany

+49 15254383319



## Gaurav Mehrotra

President - USA

+1 6788344405



## Kanhaiya Mehrotra

President – Canada

+91 9411114424



## Priti Mehrotra

President – Australia

+61 432152575

# Other office bearers



## Ankit Mehta

Vice President - Mussoorie & Dehradoon

+91 8218817243



## Chander Mohan

Vice President - Ambala

+91 8607552424



## Darshana Khanna

Vice President - Moradabad

+91 9927031042



## Kanak Mehrotra

Vice President - Australia

+61 437565612



## Keshav Baijal

Vice President - Lucknow

+91 7021763495



## Kuldeep Arora

Vice President - Vrindavan

+91 9837059648



## Laxmi Khanna

Vice President - Women's wing - Kanpur

+91 9005017984



## Meghna Khanna

Vice President - Shahjahanpur

+91 8090311101



## Naresh Burman

Vice President - Mathura

+91 9897107775



## Nayan Mehrotra

Vice President - Youth Wing and
Gurgaon & Faridabad

+91 8377956384



## Pawan Mehrotra

Vice President - Agra

+91 8126732115



## Puneet Mehrotra

Vice President - Bareilly

9997191007



## Reena Mehrotra

Vice President - Kannauj

+91 9918533774



## Rina Burman

Vice President - Kolkata

+91 9831021581



## Ruby Puneet Bhalla

Vice President - Biswan

+91 7985450407



## Sapna Kakkar

Vice President - Lakhimpur

+91 9451321357



## Shivam Mehrotra

Vice President – Ghaziabad

+91 8860180000



## Suchita Kacker Meena

Vice President – Delhi

+91 9811055003



## Utkarsh Mehrotra

Vice President - Varanasi

+91 8896102175



## Vikas Kapoor

Vice President – Jodhpur

+91 9462034715



## Pashupati Tandon

Treasurer - Noida & Ghaziabad

+91 9810095551



## Poonam Tandon

Treasurer - Shahjahanpur

+91 7499440259



## Rachna Mehrotra

Treasurer - Kannauj

+91 9935436959



## Rama Kant Tandon

Treasurer - Lucknow

+91 9839104840



## Manju Mehrotra

Secretary - Kannauj

+91 9838338484



## Raj Kapur

Secretary - Noida & Ghaziabad

+91 9910082902



## Sachin Kapoor

Secretary - Bareilly

9336937272



## Sanjay Tandon

Secretary – Lucknow

+91 8318919237



## Jayant Mehrotra

Mentor - Mumbai

+91 9867713756



## Savita Chopra

Mentor - Lakhimpur

+91 9451687226

# From the Chairman's desk

Writer: Mr. Raj Khanna, London

## MAKE THE MOST OF SOCIAL MEDIA:

I have taken this topic as I can personally see that Social Media is Blessings only if used in real sense taking into account your own time and considering how you are really helping others by not encroaching upon others valuable time. Time has become THE MOST IMPORTANT FACTOR IN INDIVIDUAL's LIVES.

Maximum number; I would say 65% use social media be it Facebook, WhatsApp or any other platform to just share or forwards without their own original ideas, incidences. Wish they can use their own time in producing some original topics.

To some extent we must blame ourselves whether we are adopting the right approach and making the most of social media

or no? Videos, Topics of political nature or Religious Nature and more so hate topics are shared mostly to encourage disturbance in the society. WHY????

Slowly but surely, we must learn how to make the best USE of this excellent platform.
IKMG OR INTERNATIONAL KHATTRI MAHASABHA GROUP adopted Social Media and tried to make the most and the best use of it with some strict protocol placed. Initially we faced some opposition that IKMG was acting like Dictator – later the members realised that it was in the best interest of IKMG Family and its members.

It's only through Social Media – Facebook, Instagram, IKMG PATRIKA or IKMG RADIO, we have brought IKMG family all over the world very close. All excellent members think they have extended family in IKMG all over the world. We are proud to say be it in Radio or Facebook – beyond imagination almost 250 members are involved in it only because of Social Media and IT.

Some people don't realise by simply forwarding gods photos or political messages, you are really putting lot of pressure on individuals as they have to all the time on daily basis to delete those messages without even looking or opening the messages. It takes time in doing all this. So please think before misusing the excellent platforms. Friends or family don't do good but do more harm by sharing unnecessary posts.

Yes if you have time - make the most of it and do some good towards the mankind.

Mr. Raj khanna is the Founder Chairman of IKMG and resides in London. He is committed to social service, philanthropy and well being of the society.



# Table of Contents / विषय  सूची


| S. No. | Content | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | क्यों ? | 22 |
| 2 | संगीत के स्वर बेटियां | 25 |
| 3 | गृह क्लेश से बचने के उपाय | 27 |
| 4 | राम धनुष टूटने की सत्य घटना | 31 |
| 5 | हमारे बुजुर्ग | 36 |
| 6 | सामाजिक रुतबा-दिखावा, जरूरत या बर्बादी | 38 |
| 7 | Thanksgiving | 42 |
| 8 | दोस्ती | 47 |
| 9 | Hindu Rites & Rituals | 63 |
| 10 | The art corner | 70 |
| 11 | Love my style | 72 |

# क्यों ?

## लेखक - श्री मनोज पुरी, ग्रेटर नोएडा

क्यों होते अपराध जगत में ?

क्यों होती है हत्या भ्रूण ?

क्यों नारी पर हाथ उठा कर ?

खुद को नर समझे सम्पूर्ण।

क्यों पौरूष का भ्रम नर को है ?

नारी की अस्मिता को लूट ।

गर्व उसे जिस काया पर है ,

वो तो जायेगी यहीं पै छूट ।

क्यों बिगड़ रहा अनुपात धरा पर नर-नारी का ?
क्यों बढ़ता जाता प्रतिशत यहाँ पर व्यभिचारी का ?
क्यों पैसा चन्द हाथों में ही ठहर गया है ?
किसान गाँव को छोड़ के क्यों शहर गया है ?

क्यों पैसे की खातिर कोई तरस रहा है ?
क्यों किसी के घर में पैसा जैसे बरस रहा है ?
क्यों भूख के मारे पेट किसी का पिचक रहा है ?
क्यों अरबों किसी के हलक के नीचे खिसक रहा है ?

क्यों आपस में प्रेम घटा व वैर बढ़ा है ?
क्यों रिश्तों में कड़वाहट घोल के इंसा दूर खड़ा है ?
क्यों मनवाने वो जिद को हरदम बात पै अपनी अड़ा है ?
क्रोध में ये भी भूल गया छोटा या कौन बड़ा है ?

क्यों दलगत राजनीति के हम चौराहे पर आन खड़े हैं ?

क्यों पश्चिमवाद की ओर हमारे भी कदम बढ़े हैं ?

जीवन के अपने कार्यों में हम ना पारदर्शिता लायें ,

पर तन ढ़कने के कपड़े क्यों हम पारदर्शी अपनायें ?





श्री मनोज पुरी 'केन्द्रीय राजस्व नियन्त्रण सेवा ' के सेवा निवृत्त राजपत्रित अधिकारी हैं जिनकी कविताओं का संग्रह- 'अंजुमन' काव्य जगत में चर्चित रहा है तथा वे कई स्थानों पर पुरस्कृत व सम्मानित हुए हैं। आप पिछले ५० साल से योग से जुड़े हैं व ३५ वर्षो से अधिक योग प्रशिक्षक के रूप में समाज सेवा कर रहें हैं।

# संगीत के स्वर बेटियां

## लेखिका - डॉ सुमन मेहरोत्रा, मुजफ्फरपुर

अनुपम वरदान प्रभु का बेटियां

घर-संसार  बनाती  हैं बेटियां

लक्ष्मी का वरदान हैं बेटियां

सरस्वती का मान हैं बेटियां

साक्षात् देवी रूप हैं बेटियां

फूल सी नाजुक होती हैं बेटियां

मां के अश्क पोछती हैं बेटियां

पिता का सहारा बनती हैं बेटियां

दो कुलों को रोशन करें बेटियां

खिलती महकती कलियां हैं बेटियां

घर में संगीत के मधुर स्वर हैं बेटियां

आज और कल को बनाती हैं बेटियां

शून्यता को पूर्णता प्रदान करती हैं बेटियां

वक्त आने पर दुनियां से लड़ती हैं बेटियां

शक्तिशाली  देवी रूप होती हैं बेटियां

स्नेह,ममत्व, प्रेम रस सुधा हैं बेटियां

चाँद  की  चाँदनी  होती  हैं   बेटियां

दहेज की अग्नि में भी जलती हैं बेटियां

पढ़-लिख कर अब सशक्त बनें बेटियां

कलम न लें विश्राम गुणगान हो बेटियां !!



डा० सुमन मेहरोत्रा करीब चालीस वर्षों तक निजी स्कूलों में सम्मानित शिक्षिका पद पर प्रतिष्ठित रहीI आपकी रुचि, पठन,पाठन,लेखन,सिलाई,कढाई आदि में है एवं आपकी कविता,लेख, कहानी, समीक्षा विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं I

# गृह क्लेश से बचने के उपाय

## लेखिका - श्रीमती शोनू  मेहरोत्रा, आगरा

हर व्यक्ति चाहता है कि उसके घर में सुख-शांति बनी रहे, परिवार के लोग आपस में एक-दूसरे से प्यार करते हुए अपना जीवन शांतिपूर्ण तरीके से जिएं। परिवार में सुख-शांति रहती है तो व्यक्ति को मानसिक सुकून मिलता है, लेकिन अगर परिवार में झगड़े और क्लेश होते हैं तो घर आने का मन नहीं करता। कभी-कभी तो झगड़े इतने बढ़ जाते हैं कि रिश्तों में दरार आ जाती है, फिर अलगाव के अलावा और कोई रास्ता नजर नहीं आता। अगर आपके घर में भी रोजाना इसी तरह के झगड़े होते हैं और आप भी उन झगड़ों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो हमारे द्वारा बताए गए इन आसान से उपायों को अपनाकर देखें। ये आपके घर के माहौल को बेहतर बनाकर जीवन में खुशियां ला सकते हैं।

जिन घरों में अक्सर लड़ाई झगड़े होते हैं वहां पर मां लक्ष्मी नहीं ठहरतीं। इन सब

के पीछे ग्रह दोष और वास्तु दोष भी कारण होते हैं। कुछ बेहद आसान उपाय जो आपके लिए लाभप्रद हो सकते हैनिम्न हैं -

1. गृह क्लेश के लिए रात में सोने से पहले एक टुकड़ा कपूर का गाय के घी में डुबोकर पीतल के बर्तन में जलाने से लाभ होता है। सप्ताह में एक दिन आप घर में कपूर का धुआं भी कर सकते हैं। इससे मन को शांति मिलती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है।
2. हनुमान जी के समक्ष मंगलवार के दिन पंचमुखी दीपक और अष्टगंध जलाएं और घर में अष्टगंध की खुशबू फैलाएं। इससे आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होगा व घर में सुख-शांति बनी रहेगी।
3. घर में लगातार हो रहे लड़ाई-झगड़ो से छुटकारा पाने के लिए केसर का उपाय भी कर सकते हैं। इसके लिए एक चुटकी केसर को पानी में डालकर उस पानी से स्नान करें, केसर का दूध पीने से भी मन में शांति बनी रहती है।
4. घर में हो रही कलह को दूर करने के लिए पोछा लगाते समय थोड़ा सा नमक मिला लें। ऐसा करने से घर में उपस्थित नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है और घर में हो रही कलह भी खत्म हो जाती है।

5. जिस घर में अक्सर कलह होती है, वहां हर महीने सत्यनारायण भगवान की कथा करवानी चाहिए। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

6. आपको नियमित रूप से अपने घर में गंगाजल का छिड़काव करना चाहिए। इससे आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होगा।

7. घर की पूर्व दिशा में नियमित रूप से आपको घी का दीपक जलाना चाहिए। इससे भी घर में शांति का वातावरण बना रहेगा ।

8. शांति मंत्र - ॐ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षँ शान्तिः, पृथ्वी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्र्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः, सर्वँशान्तिः, शान्तिरेव शान्तिः, सा मा शान्तिरेधि।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।. आप इस शांति मंत्र का जाप रोजाना कर सकते हैं। इससे आपके घर में शांति बनी रहेगी ।

9. शांति मंत्र का जाप करने से शरीर में ऊर्जा उत्पन्न होती है। इससे शरीर के अंग व्यवस्थित ढंग से काम करते हैं। शांति मंत्र के जाप से मन भी शांत रहता है व नकारात्मकता दूर होती है। ये मंत्र सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

10. कुछ उपाय से सास बहू के बीच कलह दूर रह सकती है। सास व बहू में आपसी संबंध में कटुता होने पर बहू या सास दोनों में कोई भी चांदी का चौकोर टुकड़ा अपने पास रखें, और ईश्वर से अपनी सास, बहु से सम्बन्ध अच्छे रहने की प्रार्थना करे।




Dr. Shonu Mehrotra resides in Agra and is an astro, Vastu, numerology & occult science expert. She is a social activist and runs an NGO called Sharan Sewa Samiti.



# राम धनुष टूटने की सत्य घटना

## लेखक - श्री पवन मेहरोत्रा, आगरा

बात 1880 के अक्टूबर- नवम्बर की है। बनारस की एक रामलीला मंडली रामलीला खेलने तुलसी गांव आयी हुई थी। मंडली में 22-24 कलाकार थे, जो गांव के ही एक आदमी के यहाँ रुके थे। वहीं सभी कलाकार रिहर्सल करते और खाना बनाते खाते थे।

पण्डित कृपाराम दुबे उस रामलीला मंडली के निर्देशक थे, वे हारमोनियम पर बैठ कर मंच संचालन करते थे और फौजदार शर्मा साज-सज्जा और राम लीला से जुड़ी अन्य व्यवस्था देखते थे। एक दिन पूरी मंडली बैठी थी और रिहर्सल चल रही थी। तभी पण्डित कृपाराम दुबे ने फौजदार से कहा... इस बार वो शिव धनुष हल्की और नरम लकड़ी की बनवाएं, ताकि राम का पात्र निभा रहे 17 साल के युवक को परेशानी न हो.. पिछली बार धनुष तोड़ने में समय लग गया था।

इस बात पर फौजदार कुपित हो गया, क्योंकि लीला की साज-सज्जा और अन्य व्यवस्था वही देखता था और पिछला धनुष भी उसी ने बनवाया था। इस बात को लेकर पंडित जी और फौजदार में  कहा सुनी हो गई। फौजदार पंडित जी से काफी नाराज था और पंडित जी से बदला लेने का सोच लिया था। संयोग से अगले दिन सीता स्वयंवर और शिव धनुष भंग का मंचन होना था। फौजदार, मंडली जिसके घर रुकी थी उनके घर गया और कहा, रामलीला में लोहे के एक छड़ की जरूरत आन पड़ी है, दे दीजिए।

गृहस्वामी ने उसे एक बड़ी और मोटे लोहे की छड़ दे दी ! छड़ लेकर फौजदार दूसरे गांव के लोहार के पास गया और उसे धनुष का आकार दिलवा लाया। रास्ते मे उसने धनुष पर कपड़ा लपेटकर और रंगीन कागज से सजा के गांव के एक आदमी के घर रख आया।

रात में रामलीला शुरू हुई तो फौजदार ने चुपके से धनुष बदल दिया और लोहे वाला धनुष ले जा कर मंच के आगे रख दिया और खुद पर्दे के पीछे जाकर तमाशा देखने के लिए खड़ा हो गया। रामलीला शुरू हुई, पंडित जी हारमोनियम पर राम-चरणों मे

भाव विभोर होकर रामचरित मानस के दोहे का पाठ कर रहे थे... हजारों की संख्या में दर्शक शिव-धनुष भंग देखने के लिए मूर्तिवत बैठे थे। रामलीला धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। सारे राजाओं के बाद राम जी गुरु से आज्ञा ले के धनुष भंग को आगे बढ़े। पास जाकर उन्होंने जब धनुष हो हाथ लगाया तो धनुष उससे उठा ही नही। कलाकार को सत्यता का आभास हो गया.. उस 17 वर्षीय कलाकार ने पंडित कृपाराम दुबे की तरफ कातर दृष्टि से देखा तो पंडित जी समझ गए कि दाल में कुछ काला है। उन्होंने सोचा कि आज इज्जत चली जायेगी.. हजारों लोगों के सामने.. और ये कलाकार की नहीं, स्वयं प्रभु राम की इज्जत दांव पर लगने वाली है। पंडित जी ने कलाकार को आंखों से रुकने और धनुष की प्रदक्षिणा करने का संकेत किया और स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम के चरणों में समर्पित करते हुए आंखे बंद करके उंगलियां हारमोनियम पर रख दी और राम जी की स्तुति करनी शुरू की।

जिन लोगों ने ये लीला अपनी आँखों से देखी थी, बाद में उन्होंने बताया कि, इस इशारे के बाद जैसे ही पंडित जी ने आँखें बंद करके हारमोनियम पर हाथ रखा.. हारमोनियम से उसी पल दिव्य सुर निकलने लगे... वैसा वादन करते हुए किसी ने

पंडित जी को कभी नहीं देखा था। सारे दर्शक मूर्तिवत हो गए। नगाड़े से निकलने वाली परम्परागत आवाज भीषण दुंदभी में बदल गयी पेट्रोमेक्स की धीमी रोशनी बढ़ने लगी और पूरा पंडाल अद्भुत आकाशीय प्रकाश से रह रह के प्रकाशमान हो रहा था... दर्शकों के कुछ समझ में नही आ रहा था कि क्या हो रहा है और क्यों हो रहा है... पंडित जी खुद को राम चरणों मे आत्म समर्पित कर चुके थे और जैसे ही उन्होंने चौपाई कही -

लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़ें। काहुँ न लखा देख सबु ठाढ़ें॥

तेहि छन राम मध्य धनु तोरा।भरे भुवन धुनि घोर कठोरा।।

पंडित जी के चौपाई पढ़ते ही आसमान में भीषण बिजली कड़की और मंच पर रखे लोहे के धनुष को कलाकार ने दो भागों में तोड़ दिया।

लोग बताते हैं हैं कि, ये सब कैसे हुआ.. और कब हुआ..

किसी ने कुछ नही देखा, सब एक पल में हो गया...

धनुष टूटने के बाद सब स्थिति अगले ही पल सामान्य हो गयी! पंडित जी मंच के बीच गए, और टूटे धनुष और कलाकार के सम्मुख दंडवत हो गए। लोग शिव धनुष भंग पर जय श्री राम का उद्घोष कर रहे थे और पंडित जी की आंखों से श्रद्धा के आँसू निकल रहे थे।

राम सबके हैं... एक बार राम का होकर तो देखिए....

*जय श्री राम*

श्री पवन मेहरोत्रा आगरा के निवासी हैं और एक कुशल वास्तु व अंकशास्त्र विशेषज्ञ हैं I



# हमारे बुजुर्ग

## लेखिका - श्रीमती रजनी सेठ, शाहजहाँपुर

बाल्यकाल से लेकर युवावस्था तक दो अध्याय एक सामान्य व्यक्ति जी लेता है, लेकिन युवावस्था से लेकर बुढ़ापे तक का जो सफर होता है उसमें कई उतार चढ़ाव आते हैं। माता पिता बच्चों को अच्छी परवरिश, अच्छा खानपान व अच्छा स्कूल प्रदान करते हैं। वे इस उम्मीद में जीते हैं कि जब बच्चे बड़े होंगे तो वह उनको सुखी रखेंगे। लेकिन बदलते परिवेश में बच्चे बड़े होते हैं तो उनकी आकांक्षाएं बढ़ जाती हैं। तब माता-पिता को उनके अनुसार चलना पड़ता है। एक उम्र के बाद माता-पिता चाहते हैं कि उनको बच्चों का ज्यादा समय मिले, लेकिन बच्चों के पास इतना समय नहीं होता है  कि वे उनको सहारा दे सकें। कई बच्चे तो माता पिता को सुखी जीवन देते हैं, लेकिन कुछ को तो अपने माता-पिता बोझ लगने लगते हैं। यहां तक कि वे माता पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं। क्या वास्तव में माता-पिता इतना बड़ा बोझ हो जाते हैं कि बच्चे अपनी खुशियों में उन्हें शामिल करना उचित नहीं समझते? जिन बच्चों के लिए माता-पिता पूरी जिंदगी न्योछावर कर देते हैं , क्या उन बच्चों का फर्ज नहीं है कि वे माता पिता के बुढ़ापे का सहारा बनें।

सारे माता-पिता सोचते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होंगे तो क्या वे उनका साथ देंगे? यही असुरक्षा की भावना उनके मन में घर कर जाती है। जो शायद उचित भी है। लेकिन वह युवा वर्ग यह नहीं जानता कि कभी उनका समय भी आएगा जब उनके बच्चें भी उनके साथ यही व्यवहार करेंगें जो उन्होंने अपने माता पिता को करते देखा है। इसलिए अपने बुजुर्गों का सम्मान करें। जब तक वह जीवित हैं उनका आशीर्वाद लें व पास बैठकर  उनकी तकलीफें सुने। यदि आप उनसे थोड़ा हस बोल लेंगे तो उन्हें बेहद खुशी होगी। उनके जीवन के कटु अनुभव सीखे। उनके मन में पल रहे डर को दूर करने का प्रयास करें। वैसे भी यह घर तो उनका ही बनाया हुआ है आप उन्हें निकालने वाले कौन होते हैं। यह विचार करें कि जब आप छोटे थे तो आपकी हर मुश्किल में वह आपके साथ थे। यह बुजुर्ग ही आपको सही राह दिखाएंगे और आपकी मंजिल तक पहुंचाएंगे। उनके आशीर्वाद से आप अपने बच्चों को भी खुशियां दे पाएंगे। इसलिए उन्हें अनाथ आश्रम ना दें, बल्कि उन्हें अपना घर दें जो उनका खुद का है।



Mrs. Rajni Seth has a keen interest in reading, writing poetry/articles in Hindi language. She also has great interest in singing old songs, gazals  and bhajans.

# सामाजिक रुतबा-दिखावा, जरूरत या बर्बादी

## लेखिका - श्रीमती ऋतु अग्रवाल, मेरठ

औद्योगिक एवं आर्थिक क्रांति के बाद समाज में आर्थिक और सामाजिक खाई निरंतर बढ़ती जा रही है। अमीर और ज्यादा अमीर होता जा रहा है और गरीब अपने स्तर से कुछ पायदान सरक कर और नीचे आ रहा है। जाहिर है, व्यक्ति के आर्थिक स्तर का फासला बढ़ता जा रहा है।

इस बढ़ते फासले के साथ समाज में दो स्तर तैयार हो रहे हैं, एक वे लोग जो आवश्यकता से बहुत अधिक संसाधनों पर प्रभाव बनाए हुए हैं,जीवन की तमाम सुख-सुविधाओं का भोग करते हुए एक आरामदायक एवं समृद्ध जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उनकी वैभवशाली जीवन शैली को देखकर राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है और एक वह जो जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में भी अक्षम हैं। उनके रहन-सहन को देखकर उस राष्ट्र की दयनीय स्थिति का सहज ही अंदाजा हो जाता है। जिन बद्तर हालातों में यह वर्ग रहने को मजबूर है, जिन बदबूदार, गंदे इलाकों में इनकी रिहाईश है, उन्हें देखकर

आम जन घृणा से नाक भौं सिकोड़ लेते हैं। विलासिता की वस्तुओं की बात तो छोड़िए, उन्हें भरपेट दो जून भोजन तक नहीं मिलता।

दूसरी और, किसी राष्ट्र का सभ्य, विकसित और उन्नत कहा जाने वाला वर्ग निरंतर आर्थिक समृद्धि की नवीन मंजिलों को तय कर रहा है। किन्तु इस आर्थिक स्तर की खाई के अलावा एक बहुत बड़ा परिवर्तन भी देखने को मिल रहा है जो ना केवल सामाजिक वरन् पर्यावरणीय असंतुलन का भी कारण बन रहा है।

लगातार नए आविष्कारों के कारण विश्व की पर्यावरणीय स्थिति बेचारी होती जा रही है। सड़क पर बढ़ते वाहनों का काफिला, अनियंत्रित शोर, बड़े-बड़े कार्यालयों, इमारतों और भवनों में लगातार चलते ए.सी. से निकलती गर्म हवा, मोबाइलों से निकलती इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें, बड़े-बड़े एल.ई.डी टेलीविजन, भारी भरकम फ्रिज और भी न जाने कितने विद्युत उपकरणों से निकलती विद्युत चुंबकीय एवं रेडियो तरंगे पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रही हैं, इसका अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। रोज होते नए शोध इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है, ओजोन परत को खतरा लगातार बढ़ रहा है।

पेट्रोल, डीजल और गैस से चलने वाले वाहनों ने अवश्य ही समय और श्रम की बर्बादी को रोका है पर निरंतर बढ़ते वाहनों की संख्या क्या इस बात का द्योतक नहीं

है कि जहाँ एक गाड़ी से काम चल सकता है वहाँ समर्थ जन गाड़ियों की फौज अपने पास जमा रखते हैं। बंद कमरों में रहने के आदी लोग क्या कभी ए.सी. से निकलने वाली गर्म हवा के दुष्प्रभाव के बारे में सोचते हैं? बढ़ते तापमान के कारण असंख्य लोग गर्मी में रहने को विवश हैं। प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में कितने लोगों की मृत्यु हो जाती है?


मोबाइल की वजह से पक्षियों की अनेकों प्रजातियाँ लुप्त हो गई हैं। कंक्रीट के जंगल तैयार करने के लिए हमने प्राकृतिक जंगलों को समाप्त करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। वह दिन दूर नहीं जब हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर साथ लिए घूमना होगा।

लगातार धुआँ छोड़ती फैक्ट्रियां, उनमें निर्मित होते बे-लगाम उत्पाद, ई-कचरा, विद्युत कचरा और निरंतर अपडेट होते हुए नए उपकरणों के इस्तेमाल की लालसा - जरूरत है, दिखावा है या बर्बादी, यह हम सब को समझने की जरूरत है। नित नए सामानों को खरीदकर उपयोग करना आज भले ही लोगों को अपना सामाजिक स्तर दूसरों से वरीयता के क्रम में ऊपर ला खड़ा कर देता होगा परन्तु इसके दुष्परिणाम समस्त

विश्व भुगत रहा है। वस्तु का उपयोग जरूरत के आधार पर करना उचित है परन्तु उन्हें अपने सामाजिक एवं आर्थिक स्तर को सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वोच्च दिखाने के लिए उपयोग करना हास्यास्पद लगता है। व्यक्ति सामान के लिए नहीं सामान व्यक्ति के लिए है। जरूरत होने पर वस्तुओं का उपयोग करना उचित है किन्तु दिखावे के लिए अपनी सामाजिक भूमिका को अनदेखा करना उचित नहीं।

इसके लिए आवश्यक है कि प्रशासन और नागरिक मिलकर उचित कदम उठाएँ अन्यथा अति शीघ्र हम वस्तुओं के ऐसे ढेर पर खड़े होंगे जिसमें विस्फोट होगा और समस्त सजीव प्रजातियाँ विलुप्त हो जाएँगी।

Mrs. Ritu Aggarwal resides in Meerut. She is a well trained culinary artist and is learning classical music.



# Thanksgiving

Writer: Ms. Archana Mehrotra, Lucknow

Thanksgiving is an annual national holiday celebrated on various dates in the USA, Canada, Greenland, Saint Lucia and Liberia.
it is a day of giving thanks for the blessings of the harvest end of the preceding year.



Thanksgiving is celebrated on the 4th Thursday of November in the United States of America and around the same part of the year in other places in 1621, the Plymouth and the Wampanoag shared an autumn harvest feast that is acknowledged today as one of the first Thanksgiving celebrations in the colonies.

Thanksgiving falls on the fourth Thursday of November. However, Thanksgiving used to be celebrated on the last Thursday of the month.

In 2022 it will be observed on Thursday, 24th of November.



Thanksgiving has been a celebration of the year's blessings, including the harvest. On Thanksgiving day, it is common for Americans to share a family meal attend church services, and view special sporting events. Thanksgiving dinner includes Turkey, mashed potatoes, dressing in cranberry sauce, corn, sweet potatoes and pumpkin pies.

Happy Thanksgiving to all the IKMG Members!

Ms. Archana Mehrotra resides in Lucknow and enjoys doing yoga, exploring new places, gardening, listening to music and watching movies.






## IKMG MATRIMONIAL GROUP

We are one of India's leading Khatri matrimonial group that has helped lakhs of members find their perfect life partner.

We believe choosing a life partner is a big and important decision, and hence work towards giving a simple and secure matchmaking experience for you and your family. Each profile registered with us goes through a manual screening process before going live on site; we provide superior privacy controls and also verify contact information of members.

You can register for Free and search according to your specific criteria on age, height, community, profession, income, location . We have matches from Uttarpradesh, Delhi, Mumbai , Noida , Rajasthan, Punjab, Madhyapradesh, Kolkata, Hyderabad, Ahemdabad, Bangalore. We have khatri suitable matches from America, London, Germany. Matches for Overage and Divrocess

To connect from group please email your name and city name at intkmg@gmail.com
Whatsapp number : +447799748884

**Registration fee of Rs 500 must be deposited in bank per details**
ACCOUNT NO: 40859377154 / IFSC: SBIN0013405
State Bank of India, Parliament Street Branch, New Delhi

**From overseas and other countries £10**
International Khattri Mahasabha Group Ltd
ACCOUNT NO.: 96283301 / SORT CODE: 609357
SWIFT CODE: BIC: SBIOIGB2L
IBAN: GB87SBO160935796283301



# IKMG MATRIMONIAL GROUP

जो खत्री परिवार अपने बच्चों के लिए उपयुक्त सजातीय रिश्ता तलाश कर रहे हैं उनसे आग्रह है कि
IKMG MATRIMONIAL GROUP से जुड़ें। हमारे ग्रुप में
उत्तरप्रदेश,दिल्ली,मुंबई,नोएडा,राजस्थान,पंजाब,मध्यप्रदेश,कोलकाता,हदैराबाद, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि
शहरों के सदस्य जुड़े हुए है। इसी के साथ कुछ खत्री परिवारों के लड़के विदेश में कार्यरत हैं जैसे अमेरिका, लंदन,
जमर्नी आदि, जो परिवार विदेश में कार्यरत लड़कों से रिश्ते के इच्छुक हों वे भी सम्पक्र कर सकते हैं।
जिन लड़के /लड़िकयों की शिक्षा कम है व उम्र अिधक हो गई है किन्तु विवाह नहीं हो सका वे भी आमंत्रित हैं
तलाकशुदा/विधवा भी पुनविवाह के लिए ग्रुप से जुड़ सकते है।
ग्रुप से जुड़ने के लिए अपना नाम व शहर का नाम intkmg@gmail.com पर ईमेल सकते हैं।
Whatsapp number : +447799748884

**Registration fee of Rs 500 must be deposited in bank per details**
ACCOUNT NO: 40859377154 / IFSC: SBIN0013405
State Bank of India, Parliament Street Branch, New Delhi

**From overseas and other countries £10**
International Khattri Mahasabha Group Ltd
ACCOUNT NO.: 96283301 / SORT CODE: 609357
SWIFT CODE: BIC: SBIOIGB2L
IBAN: GB87SBO160935796283301

# दोस्ती

## लेखक - श्री सुशील मेहरोत्रा, मुरादाबाद

१५ अगस्त,१९७० . आज का दिन बड़ा ही उत्साहवर्धक और प्रसन्नता का दिन था। स्कूलों में छुट्टी थी इसलिए बच्चे घरों के बाहर खेल रहे थे और इस बात के इंतज़ार में थे कि कब मोहल्ले में झंडारोहण होगा और कब लड्डू बटेंगे. क्या हिन्दू और क्या मुसलमान सभी इंतज़ाम में लगे थे।  वाज़िद नगर, मुरादाबाद शहर  में एक मोहल्ला था जिसमे हिन्दू और मुसलमानों  की आबादी लगभग बराबर की थी। फिर भी यह मोहल्ला अपने सौहाद्र और आपसी प्रेम के लिए सभी जगह मशहूर था। इसी मोहल्ले के चौराहे पर झंडारोहण होना था। मोहल्ले में हिन्दू और मुस्लिम दोनों के मकान अगल बगल थे। बड़े बुर्जुग बताते हैं कि यहाँ कभी आपस में कोई झगड़ा नहीं हुआ है। वैसे तो पूरे शहर में ही शांति रहती थी। वाज़िद नगर में श्री हाजी अली, उनकी पत्नी शकीना बेगम, अपने दो बेटों फरहत, नसीम और बेटी नगीना के साथ रहते थे।  उनका साहूकारी का व्यापार था और बहुत सम्पन्न था। उनके परिवार को वहां काफी सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उनके मकान के बगल में सेठ रतन

लाल जी अपनी पत्नी शांति देवी, पुत्र महेंद्र  और बेटी विभा के साथ रहते थे, उनका मेवों का काफी बड़ा कारोबार था। दोनों परिवारों में गजब का प्रेम था। उन दोनों मकानों की छतें भी आपस में मिली हुई थीं। बच्चे लगभग हम उम्र थे इसलिए उनमे बहुत ज्यादा अपनापन  था। सारे दिन बच्चे इधर से उधर कूदते रहते थे पता नहीं चलता था कौन कहाँ है। महेंद्र और विभा हाजी साहब और उनकी बेगम को चाचू और अम्मी कहते थे और उनके बच्चे सेठ जी और उनकी पत्नी को बाबूजी और मां कहते थे। बच्चों के खेल खेल में होने वाली लड़ाइयों को निपटाने में ही उनका दिन बीत जाता था। उनकी दोस्ती की मिसाल लोग दिया करते थे परन्तु हर युग में शकुनि जैसे लोग होते ही हैं। यहाँ भी कुछ लोगों को यह गवारा नहीं था कि एक मुस्लिम परिवार और हिन्दू परिवार में ऐसी दोस्ती हो, मगर सबसे बेखबर वह दोनों परिवारों में प्रेम वैसा ही बना रहा।



देखते देखते वर्षों बीत गए। बच्चे अब कॉलेज जाने लगे थे परन्तु उनमें आपस का प्रेम ऐसे ही बना हुआ था। हाँ इतना जरूर था कि उम्र के साथ उनके व्यव्हार में संजीदगी आ गयी थी। एक दिन कॉलेज जाते हुए कुछ लड़कों ने विभा पर फब्तियां कसीं, उस दिन तो उसने कुछ नहीं कहा परन्तु जब अगले दिन भी उन लोगों ने उसे छेड़ा तो वह परेशान हो गयी। घर पहुँच कर भी वह गुमसुम रही तो नसीम ने पूछा -' क्या बात है दीदी आज इतनी सुस्त क्यों हो। क्या काम न करने पर टीचर ने डांटा है?' वह ऐसे ही उसको चिढ़ाता था क्योंकि वह उससे उम्र में छोटा था।

'तंग मत करो मेरा मूड ठीक नहीं है, उन लड़कों ने परेशान कर दिया है, अब तुम मत परेशान करों।' यह सुनकर नसीम ने गंभीर होकर पूछा - 'आप किन लड़कों की बात कर रही हो।'

विभा ने फिर उसको सारी बात बताई। सुनकर नसीम ने जाकर बड़े भाई फरहत को यह बात बतलाई फरहत घर आकर बोला -' तुम चिंता मत करो कल मैं तुम्हारे साथ चलूँगा, देखता हूँ कौन लोग हैं।'



इतना प्रेम था परिवार में कि अपने भाई महेंद्र को न बता कर उसने फरहत पर ज्यादा विश्वास किया। अगले दिन नियत समय पर विभा फरहत के साथ कॉलेज जाने के लिए निकली। रास्ते में थोड़ी दूर वही लड़के फिर दिखाई दिए परन्तु फरहत को साथ में देखकर वहीँ ठिठक गए। वहां पहुंचकर विभा ने उन लड़कों की ओर इशारा किया तो फरहत ने उन्हें अपने पास बुलाया। वह लड़के फरहत को पहचानते थे इसलिए बहुत संकोच और डर में थे।  जब फरहत ने पूछा तो उन्होंने कहा -' भाई, आप क्यों बीच में पड़ते हो, ये आपकी बहन तो है नहीं।'

'ये मेरी ही बहन है। ' फरहत ने कहा।

'मगर भाई ये तो हिन्दू है और आप मुसलमान हो।'

'ख़बरदार जो ऐसी बात दोबारा कही। ये मेरी ही बहन है। अगर फिर कभी ऐसी हरकत की तो बुरा होगा।'

'जी, हम इसका ख्याल रखेंगे।' कहकर वह लड़के चले गए।

लोगों में जरूर यह चर्चा होने लगी कि कैसे एक मुसलमान ने हिन्दू की लड़की को अपनी बहन बनाकर उसके लिए पैरवी की।  हवाओं में बदलाव की महक आने लगी थी। एक दिन भीड़ में चौराहे पर एक मोटरसाइकिल वाले की एक पैदल सवार से टक्कर हो गयी जिसमे उसको चोट लग गयी। लोगों ने मोटर साइकिल वाले को पकड़ लिया और उसकी बहुत पिटाई कर दी।

मोटर साइकिल सवार हिन्दू था और पैदल सवार मुस्लिम। देखते ही देखते इसने सांप्रदायिक रूप ले लिया। गुंडे बदमाशों ने उसमे और हवा दे दी । हिन्दू और मुस्लिम दोनों ओर के लोग इकट्ठे हो गए और लड़ाई होने लगी। लोग दुकानों को जलाने लगे, चाकू छुरी चलने लगे। कोई कोई बन्दूक से भी फायर करने लगे। शहर में बहुत तेजी से अफवाहें फ़ैलने से पूरे शहर में दंगे शुरू हो गए। यह दंगे वाज़िद नगर में भी शुरू हो गए। जो इलाका वर्षों से शांति और सद्भाव की मिसाल था वहां लूटपाट और आगजनी शुरू हो गई। मुस्लिम बाहुल्य इलाका होने के कारण वहां ख़तरा ज्यादा था। मौके का फायदा उठाकर उपद्रवी तत्वों ने वाज़िद नगर में भी लूटपाट, आगजनी और मारकाट शुरू कर दी। एक बड़ा गुट सेठ रतन लाल जी के घर पर भी आ गया और मकान में आग लगाने और लूटपाट करने के लिए उपक्रम करने लगा। घर के सारे सदस्य बहुत घबरा गए परन्तु मदद करने वाला कोई नहीं था। ऐसे में हाजी जी अपने पूरे परिवार के साथ बाहर आ गए। उन्होंने उन लोगों को ललकार कर कहा-' उनके रहते इस परिवार



पर आंच भी नहीं आ सकती। चाहे जान भी चली जाए तुम लोग यहाँ कुछ नहीं

कर सकते।’

‘अच्छा होगा तुम लोग यहाँ से चले जाओ। '

हाजी जी  की उस इलाके में बहुत इज़्ज़त थी। उनके दवाब में सब लोग वहां से चले गए।

हाजी जी और उनका पूरा परिवार सेठ जी और उनके परिवार को सहारा देने घर आ गया। वह लोग उनको सांत्वना देते रहे और कोई डर नहीं रखने के लिए कहते रहे। पूरा परिवार इस हादसे से बहुत घबरा गया था। यद्यपि हाजी जी और उनका परिवार बराबर उनके साथ बने हुए थे फिर भी वह लोग भविष्य की चिंता कर रहे थे। उन्हें अपने कारोबार, परिवार के सदस्यों की चिंता सता रही थी। काफी देर रुकने के बाद जब सब लोग चले गए तो पूरा परिवार एक साथ बैठकर आगे की सोचने लगा। सेठ जी के पास धन की कोई कमी नहीं थी । वह अब अपने कारोबार को दूसरी जगह ले जाना चाहते थे ताकि   भविष्य में इस तरह का खतरा न हो। सब लोग अब यहाँ से छोड़कर दूसरी जगह रहना चाहते थे। यह तय हुआ कि किसी अन्य जगह हिन्दू मोहल्ले में रहेंगे और दुकान भी मंडी में ही लेंगे। जब तक मकान नहीं बिकता है उसे हाजी जी की देख रेख में छोड़ देंगे । वैसे इस घटना के बाद शक और अविश्वास की रेखा अवश्य खिंच गयी थी।

पूरी रात सबकी चिंता और डर में बीती। सुबह सुबह हाजी जी और फरहत उनके घर आये। शहर में कर्फ्यू लगा था और स्थिति शांत थी। वह लोग उन्हें बता रहे थे कि चिंता मत करें सब ठीक हो जायेगा। सेठ जी ने उनको अपना निर्णय बताया कि वह लोग स्थिति सामान्य होने के बाद कहीं और रहने के लिए चले जायेंगे और अपनी दुकान भी मंडी में ले जायेंगे। सुनकर वह लोग सकते में आ गए। वर्षों पुराने अपने मित्र से वह अलग नहीं होना चाहते थे। उन्होंने बहुत समझाने का प्रयास किया परन्तु वह लोग निश्चय कर चुके थे। उन्होंने इस निर्णय को अभी किसी से नहीं बताने को कहा और ये भी कहा कि वह भविष्य में मकान बेच देंगे तब तक वह मकान की देखभाल रखे और जैसे चाहे इस्तेमाल करें। हाजी जी और उनका पूरा परिवार बहुत ज्यादा दुखी था। सेठ जी उनके पडोसी, मित्र ही नहीं थे उनके परिवार का अंग थे। वह नहीं समझ पा रहे थे कि कैसे उन्हें रोका जाए। हालात सामान्य होने के बाद सेठ जी ने एक दुकान मंडी में ले ली और व्यापार को वहां चालू कर दिया। अपनी वर्तमान दुकान में कारोबार उन्होंने धीरे धीरे बंद कर दिया। इसी बीच में उन्होंने एक मकान रामगंगा विहार में ले लिया जहाँ वह परिवार के साथ जाने वाले थे। जिस दिन वह लोग वहां जा रहे थे दोनों परिवारों में सभी सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल था। ऐसा लग रहा था मानो अपना भाई, अपना बेटा, बेटी घर से जा रहे थे। मोहल्ले वाले भी काफी चकित थे। लोग कह रहे थे दंगो की वजह से सेठ जी जा रहे हैं यह अच्छा नहीं हुआ।

वाज़िद नगर से जाने के बाद कुछ समय तो काफी आना जाना बना रहा परन्तु धीरे धीरे यह मिलना जुलना कम हो गया। बच्चे बड़े हो गए थे, महेंद्र अब सेठ जी के कारोबार को देखने लगा था। विभा आगे  की पढाई के लिए दिल्ली चली गयी। हाजी जी के कारोबार को फरहत ने सम्हाल लिया .नसीम एम. बी. ए. करने मुंबई चला गया। हाजी जी की तबियत ढीक नहीं रहती थी, उनसे मिलने सेठ जी अक्सर आते रहते थे और एक दिन हाजी जी का इन्तकाल हो गया। बहुत गमगीन सेठ जी पूरे परिवार के साथ वहां थे और उन्होंने बच्चों को भी सांत्वना दी। हाजी जी के जाने के बाद मिलना जुलना काफी कम हो गया क्योंकि बच्चे पढ़ने में और कारोबार में व्यस्त हो गए। सेठ जी के मकान को हाजी जी का परिवार इस्तेमाल कर रहा था और उसकी उचित देखभाल भी कर रहा था। दंगो के पश्चात हिन्दू मुसलमानो में एक दरार सी आ गयी थी। एक दूसरे के प्रति अब पहले जैसा विश्वास नहीं रह गया था।



बहुत से हिन्दू परिवारों ने अपना आशिआना अब दूसरी जगह बना लिया था। उनके मकानों को मुस्लमान बिरादरी के लोग खरीद रहे थे। महेंद्र भी अपना मकान बेचना चाहता था परन्तु सेठ जी नहीं बेचने देते थे। वह कहते फरहत वहां रह रहा है और तब तक मकान नहीं बेचेंगे। सुनकर महेंद्र शांत हो जाता। गुपचुप उसने कुछ दलालों से बात भी करी परन्तु सही पैसे न मिलने के कारण विचार त्याग दिया। उसे लगता कि इतना बड़ा मकान यों ही दे रखा है। उनको आये हुए कई वर्ष बीत गए थे , प्रॉपर्टी की कीमतों में काफी इज़ाफ़ा हो गया था और इस मौको को महेंद्र नहीं छोड़ना चाहता था। दुर्भाग्य से इसी बीच में सेठ जी का देहांत हो गय। हाजी जी और उनका पूरा परिवार उनके दुःख में शरीक था। संबंधों की दो मजबूत कड़ियाँ टूट गयी थीं । दोनों घरों में बुजुर्गों के जाने के बाद भड़काने वाले लोग बहुत होते हैं। कुछ लोगों ने महेंद्र के कान भरने शुरू कर दिए कि या तो वह मकान बेच दें या फरहत से किराया लें। एक दिन किसी समारोह में महेंद्र और फरहत की मुलाकात हो गयी। इसी दौरान अपनी मंशा उसने फरहत को बता दी, सुनकर उसे बहुत झटका लगा। उसने कहा -'भाई इतने दिनों से हम लोग आपके मकान को आपकी अमानत समझ कर रह रहे है, आप जब कहेंगे हम मकान खाली कर देंगे।'

'हाँ, अगर आप बेचना चाहते हैं तो हमे ही बेच दीजिये.' जो सही कीमत हो बता दीजिये हम दे देंगे।'

रिश्तों में व्यापार शुरू हो गया था।

उन लोगों ने दुबारा मिलने की बात कहकर वहां से चल दिए। फिर एक दिन जब दोनों मिले तो मकान का सौदा काफी खींच तान के बाद हो गया। वर्षों पुराने रिश्तों में दरार पड़ गयी थी क्योंकि दोनों को लगता था उन्होंने एक दूसरे पर एहसान किया है। इसके बाद मिलने पर दुआ सलाम ही रह गयी। विभा की पढाई पूरी होने पर उसकी शादी एक अच्छे घर में कर दी गयी। अन्य मेहमानो की तरह फरहत और उनके परिवार वाले शरीक हुए परन्तु वह अपनापन और वह प्यार नहीं दिखाई दिया। धीरे धीरे कई साल गुजर गए, महेंद्र अपने व्यापार में काफी बढ़ गया था। अपने काम के सिलसिले में फरहत अक्सर शहर से बाहर जाता था , पैसो की वसूली के लिए वह अपने विश्वासपात्र ड्राइवर अशफ़ाक़ के साथ ही बाहर जाता था। आज भी काशीपुर से लौटते समय एक जगह सड़क पर काफी भीड़ इकट्ठी थी, रास्ता रुका हुआ था। ड्राइवर ने गाड़ी रोक कर पूछा कि क्या बात है जो इतनी भीड़ है। एक व्यक्ति ने बताया कि एक्सीडेंट हो गया है. एक गाड़ी पलट गयी है जिसमे एक स्त्री और एक पुरुष बुरी तरह से घायल होकर पड़े हुए हैं। फरहत ने कहा -'जरा गाड़ी



किनारे करके देखिये कि कौन है, कोई जांनने वाला तो नहीं है।’

ड्राइवर ने कहा-'भाई ऐसे मामलों में दूर ही रहना चाहिए। कहीं कुछ समस्या न हो जाये'

'कैसी बातें करते है आप, अच्छा आप गाड़ी किनारे करें हम खुद ही देखते हैं।'

गाड़ी से उतर कर फरहत उस जगह चले गए जहाँ एक्सीडेंट के बाद भीड़ लगी थी। एक्सीडेंट वाली गाड़ी का नंबर मुरादाबाद का था, उनका दिल जोर जोर से धड़कने लगा कहीं कोई अशुभ न हो। खून से तर दोनों लोग सड़क पर पड़े हुए थे।

उन्होंने दोनों को जैसे ही देखा उनके होश उड़ गए, उनके पैर कांपने लगे, उन्हें लगा कि वह चक्कर खाकर वहीँ गिर पड़ेंगे। अपने आपको सँभालते हुए उन्होंने ड्राइवर को आवाज़ दी। आवाज़ सुनकर वो दौड़ते हुए वहां आया। दोनों की साँसे चल रही थी मगर खून बहुत ज्यादा बह रहा था। दरअसल वो दोनों विभा और उसके पति थे जो घायल पड़े थे। लोगो की मदद से उन्होंने दोनों को अपनी कार में डाल कर पास में एक बड़ा प्राइवेट हॉस्पिटल था वहां भर्ती करा दिया।

'डॉक्टर साहब, ये मेरी बहन और दामाद हैं, इन्हे हर कीमत पर बचाना है। आप पैसों की बिल्कुल चिंता न करें।' फरहत डॉक्टर साहब से गिड़गड़ा रहा था। इतने सालों से दबा प्यार फिर उभर आया था।

दामाद जी को ज्यादा चोट नहीं थी। केवल हाथ में फ्रैक्चर था, जिसके लिए डॉक्टर उन्हें ले गए। विभा को काफी चोट लगी थी, काफी खून बह गया था। उसे खून की तुरन्त आवश्यकता थी। उसका ब्लड ग्रुप O + था जो इत्तेफ़ाक़ से फरहत का भी था। उसने डॉक्टर को राज़ी कर उसको तुरंत २ शीशी खून दिया। दोनों लोग बेहोश थे। फरहत ने हॉस्पिटल में पूरा पैसा दे दिया और साथ में अग्रिम भी काफी धन जमा कर दिया ताकि उनके इलाज़ में कोई कमी न रह सके। फरहत ने हॉस्पिटल में ये प्रार्थना की, कि इन्हें या इनके परिवार के लोगों को ये न पता चले कि किसने पैसे दिए हैं। उन्होंने डॉक्टर को नंबर देकर महेंद्र को घटना की सूचना दे दी। खबर सुनकर सब लोग वहां से तुरंत चल दिए। साथ मे अपने एक डॉक्टर मित्र को भी वहां से ले लिया। सब लोग करीब २ घंटे में वहां पहुँच गए थे। इस बीच फरहत वहां



से आ गए थे। बहन और दामाद जी की अवस्था देखकर उन्हें यह तसल्ली हुई कि उनका इलाज बहुत अच्छे से किया गया था। दोनों लोग अब खतरे से बाहर थे। दामाद जी को अब होश भी आ गया था। पूछने पर डॉक्टर ने बताया कि एक भले इंसान ने उनको बहुत बुरी अवस्था में यहाँ तक पहुँचाया, उन्होंने न केवल सारा खर्च किया वरन और भी पैसे जमा कर गए हैं ताकि इलाज में कोई कमी न रह सके। इतना ही नहीं उन्होंने दो बोतल अपना खून भी दिया। इतना सब करवाकर वह यहाँ से चले गए। महेंद्र जी और सब लोगों ने यह जानने की बहुत कोशिश की, कि किसने यह सब किया है परन्तु वह नहीं जान सके। विभा और दामाद जी एक सप्ताह वहां रहे, उसके बाद सब लोग मुरादाबाद आ गए। इस बीच में फरहत फ़ोन से डॉक्टर से बराबर हाल लेते रहते थे।

धीरे धीरे सब ठीक हो गया मगर लाख कोशिशों के बावजूद महेंद्र जी ये न जान सके कि वह कौन फरिश्ता था जिसकी वजह से उनकी बहन और दामाद की जान बच सकी। अब क्योंकि उन्होंने कोई सूचना फरहत को नहीं दी थी इसलिए वहां से कोई नहीं आया। हाँ एक दो बार विभा ने जरूर फरहत भाई के लिए पूछा मगर कोई जबाब नहीं मिला। महेंद्र के दोस्तों और परिवार वालों को जरूर खबर हो गयी थी जिनका आना जाना लगा रहता था। महेंद्र समझते थे कि इस घटना की खबर जरूर


फरहत को होगी परन्तु अभिमान वश वह नहीं आये हैं बस यही सोच कर उन्हें मन में एक पीड़ा होती थी। एक दिन घर में सीढ़ियों से उतरते हुए महेंद्र भाई का पैर फिसल गया जिससे उनके सर में काफी चोट आ गयी, उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल में उनके परिवार वालों का ओर उनके मित्रों का जमावड़ा लग गया। महेंद्र जी को भी इसकी सूचना मिल गयी परन्तु अभिमान वश वह उन्हें देखने नहीं गए। फरहत को उम्मीद थी कि महेंद्र जरूर देखने आएंगे परन्तु जब वह नहीं आये तो उन्हें बहुत दुःख हुआ। एक दिन बाजार में जाते हुए महेंद्र जी को फरहत का ड्राइवर मिल गया। उसने नमस्ते की और बताया की फरहत जी को काफी चोट लग गयी है। उसने पूछा 'साब आप उन्हें देखने नहीं गए, वह आपका इंतज़ार कर रहे थे।'

उसने पूछा कि विभा बेटी और दामाद जी अब कैसे हैं, उनका प्लास्टर कट गया कि नहीं ?

यह सुनकर महेंद्र जी को आश्चर्य हुआ कि उन्हें यह सब कैसे मालुम है। उन्होंने बताया कि साहब और वह ही तो विभा दीदी को और दामाद जी को हॉस्पिटल में भर्ती करा के आये थे। साहब ने तो अपना खून भी दिया था। यह सुनकर महेंद्र जी सकते में आ गए, जिसको वह अभिमानी समझते थे वह तो फरिश्ता निकला। वह वहां से चले आये, गरूर का पहाड़ बिखर चुका था। कुहासा हट गया था। उनका मन

ग्लानि और दुःख से भर गया था जिसको वह अपने से दूर कर चुके थे वह अब भी उनका हितैषी है। घर आकर उन्होंने सारी बात सबको बताई। सबके मन में बहुत क्षोभ था। सब लोग तुरन्त वहां जाने को तत्पर हो गए थे। सपरिवार वहां पहुंचकर महेंद्र ने फरहत को अपने गले से लगा लिया। दोनों बहुत प्यार से मिले मानों वर्षों से बिछड़े भाई मिले हों। विभा भी फरहत से मिलकर खूब रोई। वातावरण में एक अजीब सी महक थी। महेंद्र ने फरहत का दिल से आभार व्यक्त किया और अपने किये की माफ़ी मांगी। आज दोस्ती फिर से जीवित हो गयी थी। धर्म, मजहब की दीवार टूट चुकी थी। वहां था तो बस प्यार और विश्वास का बेजोड़, अटूट बंधन।





Mr. Sushil Mehrotra was born & brought up at Kanpur where he did his post graduation in science. He is presently staying in Moradabad after his retirement as an executive from Indian Bank.

# IKMG Patrika

## Invites our own writers

*for*

## December edition

Stories | Poems | Recipes | Artwork | Thoughts | Style

Pls. send your entries latest by November 15, 2022

Entries should be sent in word format only (**not more than 1500 words**) along with your brief introduction and a pic.

*In case any article/story is more than 1500 words, we will either split it in two editions or will not be able to carry it!*

*Keep writing; keep shining; keep smiling*

patrika@ikmgglobal.org

9958363661

## TRADITIONS

### Why Do Hindus Put a Tilak on Their Forehead?

Tilak is applied on the spot that lies between our eyebrows - the ajna chakra - which is the seat of all human thoughts and past memories. While applying the tilak, one prays, 'I remember the Almighty; may pious feelings pervade in all my activities; may I be righteous in my deeds.' The tilak thus seeks the Almighty's blessings, and serves as a guard against negative forces.

It is an established scientific fact that the entire human body emanates energy in the form of electromagnetic waves. Ajna chakra does so all the more vigorously. That is why when one is tense or anxious, a great deal of body heat is generated that gives one a headache. This biological fact was realized by our great seers and saints thousands of years ago. They, therefore,


devised a method to safeguard this spot on the forehead as also to prevent loss of energy. After intense study and research, they found that sandalwood or chandan paste, turmeric and *kesar* or saffron are quite effective if applied on the ajna chakra. The individual will remain calm and controlled, with no undue energy loss.

However, there is a spiritual explanation too. The tilak invokes a feeling of sanctity in the wearer and also in the onlooker. It is considered a religious mark, and its shape and colour varies according to one's caste, religious sect and the deity one worships.

In ancient times, the four castes or varnas - Brahmin, Kshatriya, Vaishya and Sudra - applied the tilak differently. Brahmins applied the white sandalwood tilak, symbolizing purity, as their vocation was priestly and academic in nature. Kshatriyas applied red kumkum, a mixture of turmeric and lemon juice or lime signifying valour since they belonged to the warrior class. The colour red denotes valour and hyperactivity. Vaishyas wore a yellow tilak of sandalwood paste mixed with kesar or turmeric; the colour yellow signifies wisdom and foresight, which are essential for business acumen. Sudras wore a tilak of black

bhasma or ash or charcoal, indicating service as they supported the work of the other three classes.

Further, Vaishnavites wear a chandan tilak in ‘U’ shape, whereas Shaivities have a *tripundra* or three horizontal lines across the forehead drawn with bhashma. Devi worshippers (or Shakthas) apply a red dot of kumkum.



**Why Do Hindus Wear a Janeyu?**

A janeyu is a string made up of a number of consecrated threads to be worn by orthodox male Hindu Brahmins, Kashtriyas and Vaishyas.

However, the type of janeyu differs from caste to caste and community to community. Brahmins, Kashtriyas and Vaishyas wear threads made out of cotton, hemp and wool, respectively.

The upanayana samskara or sacred thread ceremony is generally observed between the ages of seven and fourteen. In case the ceremony does not take place due to some reason during this age period, then it has to be performed before the marriage of the individual. The purpose of this ceremony is to prepare a young man to share the responsibilities of his elders. The thread is worn by the male in the company of a group of Brahmins chanting the Gayatri Mantra. The thread is twisted in an upward direction. The ceremony heralds that the wearer of the janeyu can hereafter actively participate in family rituals.


Brahmins use a janeyu with three strands, which stand for the Hindu trinity of Brahma, Vishnu and Mahesh. Others interpret it as the symbol of Mahasaraswati, Mahalakshmi and Mahakali. Many people believe it to be related with the past, present and future. Out of all such opinions, the most appropriate is that the three strands stand for ida, pingala and sushumna nadis, through which the kundalini shakti or hidden energy operates in a human body.

A janeyu is generally made of pure cotton strands. Cotton seeds have seven layers. In a human body too there are seven sheaths and also seven chakras. Therefore, pure cotton is spiritually compatible with the human body. This, however, is yet to be established by contemporary science.

Before being worn, a janeyu is charged with appropriate mantras and is further sanctified by applying sandalwood paste and by soaking it in unboiled cow milk. Such a janeyu works on a person as an antenna to receive divine vibrations, particularly when it is maintained by following the prescribed instructions and code.

According to Ayurveda, a nerve called lohitika goes to the urinary track passing through the region of the right ear. When one slightly presses this nerve, the urinary track opens easily and the person is able to pass urine fully, thus throwing out toxins from his body. For this reason, Hindu males wind up the janeyu over their right ear to press this nerve while urinating.

The lohitika nerve is also connected to the testicles and helps in checking hernia. Incidentally, modern doctors pierce the right ear lobe to check the growth of hernia in a man. Thus, one can safely say that there are scientific reasons behind wearing the janeyu.



The janeyu is worn on the left shoulder by an orthodox Hindu. It has six holy threads for a married man and three for a *brahmachari* or bachelor. In the south, old janeyus are discarded and new ones are worn on the shravana purnima, while chanting the Gayatri Mantra. Similarly, following a birth or death in the family, the janeyu is removed and replaced with a new one

after thirteen days of the event. This is done because the janeyu is not an ordinary thread; its sanctity is liable to be disturbed if it is not worn properly or changed on occurrence of some inauspicious event.

Similar to Hindus, Parsis too wear the kusti around their waist, which symbolizes the tenets of their faith. A kusti is woven with seventy-two threads of fine lambs wool. The number of threads denotes the chapters in the Yasna, the Parsi book of worship.

*Written by Lt. Cdr. K.V. Singh who served in the armed forces for thirty years, authored a number of books in English and Hindi. In addition to being an anchor and participant in numerous television programmes, he is currently the CEO of Flag Foundation of India.*


Mr. Dinesh Tandon is retired from Bank's Service and is based at Kanpur.



The Art Corner

# Mosaic Grassland

## Artist: Ms. Pranvi Seth, Shahjahanpur



Pranvi Seth lives in Shahjahanpur UP . She is 10 years old and studies in class 5. She enjoys to spend her free time in sketching , dancing and singing.




Love
my
Style


Archana Mehrotra,
Lucknow


Pranvi Seth & Avyan Seth
Shahjahanpur


Shabnam Mehrotra
Kanpur




**patrika@ikmgglobal.org**

**+91 9958363661**

*IKMG reserves the rights for reproduction and distribution of the published content*
*IKMG does not support plagiarism and any such act is the sole responsibility of the writer*

*Printer & Publisher: IKMG Ltd.*
*Editor: Mr. Sharad Mehrotra*
*Proof Reading: Mr. Manoj Puri*